उ.प्र. राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय

शान्तिपुरम (सेक्टर–एफ), फाफामऊ
प्रयागराज – 211021

प्रो. देवेश रंजन त्रिपाठी
प्रभारी, क्षेत्रीय सेवा प्रकोष्ठ

फोन नं.–7525048048

पत्रांक: ओ.यू./क्षे.से.प्र./261 /2026 दिनांक–09–04–2026

सेवा में,

समस्त क्षेत्रीय केन्द्र समन्वयक
उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय,
प्रयागराज।

विषय :– विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को इलाहाबाद संग्रहालय के सन्दर्भ पुस्तकालय में अध्ययन हेतु भेजने के सन्दर्भ में।

महोदय/महोदया,

इलाहाबाद संग्रहालय ने अपने पत्रांक इ0सं0/पुस्तकालय/2025–26/598 दिनांक 27.03.2026 द्वारा यह सूचित किया है कि इलाहाबाद संग्रहालय के पुस्तकालय में इतिहास, पुरातत्त्व, वास्तु–कला, साहित्य, वेद पुराण, दर्शन, धर्म (हिन्दू, बौद्ध, जैन) संग्रहालय विज्ञान, विश्वकोष, संस्कृति और कला, विषयों की पुस्तकों का महत्वपूर्ण संग्रह है। यह संग्रह न केवल विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए अपयोगी है अपितु आचार्य एवं विषय के विद्वानों के लिए भी सर्वथा उपयोगी है। इस संदर्भ में उन्होंने संग्रहालय के पुस्तकालय के उपयोग हेतु आचार्यों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए प्रेरित करने का निवेदन किया है, जिससे न केवल महत्वपूर्ण सन्दर्भ ग्रन्थों का समुचित उपयोग होगा अपितु ज्ञान–विज्ञान व शोध क्षेत्र में नए आयाम भी जुड़ेगा।

अतः आपके क्षेत्रीय केन्द्र के अन्तर्गत आने वाले अध्ययन केन्द्रों के इच्छुक आचार्यों, शोधार्थियों एवं विद्यार्थियों (उक्त सुविधा का लाभ लेने वालों) की सूची, उनसे सम्यक् वार्तोपरान्त एवं सहमति प्राप्त कर उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

भवदीय

(प्रो. देवेश रंजन त्रिपाठी)
प्रभारी, क्षेत्रीय सेवा प्रकोष्ठ

पृ. संख्या : ओ.यू./क्षे.से.प्र./261(i)/2026 तद्दिनांक :

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. प्रभारी, आई.सी.टी. उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर सूचना उपलब्ध कराए जाने हेतु।
2. कुलसचिव, उ0प्र0 राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज।
3. कुलपति जी के विशेष कार्याधिकारी को मा0 कुलपति जी के सादर सूचनार्थ।

(प्रो. देवेश रंजन त्रिपाठी)
प्रभारी, क्षेत्रीय सेवा प्रकोष्ठ

Scanned with OKEN Scanner